Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ श्री गोविन्द गुप्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया।

जयपुर, 27 अक्टूबर। झालाना डूंगरी स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय में आज **श्री गोविन्द गुप्ता ने महानिदेशक**, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार ग्रहण के अवसर पर **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री गुप्ता का स्वागत किया। इसके उपरान्त महानिदेशक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया इस दौरान एसीबी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**श्री गोविन्द गुप्ता** ने पदभार संभालते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार कार्य करते हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और टीम भावना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। आमजन के विश्वास को और अधिक सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने ब्यूरो की टीम को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जन–जागरूकता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ब्यूरो की **टोल–फ्री हेल्पलाइन** 1064 और **व्हाट्सएप नंबर** 94135–02834 का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें सहजता से दर्ज करा सके।

महानिदेशक श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, साथ ही भ्रष्टाचार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ इस जनआंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं और **टोल–फ्री नंबर** 1064 या **व्हाट्सएप नंबर** 94135–02834 पर 24X7 सम्पर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।